## एक नजर में

### विधायक को दी जन्मदिन की बधाई



**बुरहानपुर।** ग्राम धामनगांव स्थित ग्रामोदय मेले को लेकर चैत्र नवरात्र में विगत 16 वर्षों से प्रदेश ही नहीं देशभर में इस स्थान को ख्याति प्रदान करने वाली जनप्रिय नेता भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता,पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस दीदी के जन्मदिन पर भाजपा के पूर्व जिला सह मिडिया प्रभारी श्री राकेश गुलाबचंन्द्र पुर्वे ने 9 दिवस तक नवरात्रि में मां वागेश्वरी धाम धामनगांव उनकी पूजा स्थली स्थित साधारण सी कुटिया पहुंचकर जन्मदिन की उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पूर्व जिला सह मिडिया प्रभारी श्री राकेश गुलाबचंन्द्र पुर्वे ने कहा कि वास्तव में विगत 16 वर्षों तक चैत्र नवरात्र में इस स्थान पर प्राकृतिक सौंदर्य, सनातन संस्कृति और खेलो के साथ सांस्कृतिक आयोजनों की जिस श्रृंखला को तैयार किया। वह भारत वर्ष का अपने आप में एक अनुकरणीय उदाहरण हे । खेल प्रतिभाओं को जहां सम्मान मिला, वही ग्रामीण कल्चर में उनके धार्मिक,आध्यात्मिक ओर मनोरंजन के चलते यह स्थान आर्किटेक्ट का अनुपम उदाहरण ही कहा जा सकता हे। आपने पुन: आदरणीय अर्चना दीदी को कोटि कोटि बधाई एवं शुभकामनाएं देत हुवें कहा कि निश्चित ही माता रानी की कृपा से आने वाला समय आपके नेतृत्व में नए आयाम स्थापित करने वाला साबित हो।

### भाजपा महामंत्री और कोषाध्यक्ष ने विधायक अर्चना चिटनिस को दी जन्मदिन की बधाई



**बुरहानपुर।** ग्राम धामनगांव स्थित ग्रामोदय मेले को लेकर चैत्र नवरात्र में विगत 16 वर्षों से प्रदेश ही नहीं देशभर में इस स्थान को ख्याति प्रदान करने वाली 'जनप्रिय नेता भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ताए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी' के जन्मदिन पर भाजपा जिला महामंत्री श्री चिंतामन जी महाजन ए जिला कोषाध्यक्ष श्री कैलाश जी पारीक एवं भाजपा नेता श्री देवराम जी महाजन ने 9 दिवस तक नवरात्रि में मां वाघेश्वरी धाम धामनगांव उनकी पूजा स्थली स्थित साधारण सी कुटिया पहुंचकर जन्मदिन की उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### अधिवक्ता सरोज गांधी कार्यकारिणी सदस्य नामांकित



**बुरहानपुर।** श्री सकलपंच गुजराती मोढ़ वणिक समाज ट्रस्ट की कार्यकारिणी सदस्य सरोज गांधी को जिला अधिवक्ता संघ बुरहानपुर में कार्यकारिणी के नामांकित सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। रमेश मोतीलाल दलाल,अध्यक्ष श्री सकल पंच गुजराती मोढ़ वणिक समाज ट्रस्ट,बुरहानपुर ने कहा कि आपकी यह उपलब्धि न केवल आपके समर्पण और कार्यक्षमता का प्रमाण है, बल्कि पूरे समाज के लिए भी गर्व का विषय है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं कुशलता के साथ करते हुए समाज का नाम गौरवान्वित करेंगी। आपने ईश्वर से आपके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति की कामना करते हुवे हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### कुएं में डूबकर 8 वर्ष के बच्चे की मौत, ग्रामीणों की मदद से शव निकाला बाहर



**बुरहानपुर।** आदिवासी बहुल ग्राम दवाटिया में कुएं में डूबने से आठ साल के एक बालक की मौत हो गई। यह घटना बुधवार शाम की है। सूचना मिलने पर धूलकोट चौकी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। गुरुवार को बुरहानपुर जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक बालक की पहचान दुर्गेश पिता राजेश ;8 निवासी ग्राम दवाटिया, पानी फल्या के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह घटना बुधवार शाम को हुई। धूलकोट चौकी के प्रधान आरक्षक कोमल वर्मा और आरक्षक संतोष दोगने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। देर रात करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों की सहायता से बालक के शव को कुएं से बाहर निकाला जा सका। इसके बाद शव को बुरहानपुर जिला अस्पताल ले जाया गयाए जहां गुरुवार को उसका पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिकए कुआं लगभग 35 फीट गहरा थाए जिसमें करीब 18 फीट तक पानी भरा हुआ था। कुएं में उतरने के लिए तार की सीढ़ियां बनी हुई थीं। आशंका है कि दुर्गेश पानी भरने या पीने के लिए कुएं में उतरा होगा। उसकी दोनों चप्पलें कुएं के पास मिलींए जिससे इस संभावना को बल मिलता है। पास में जाम का पेड़ होना भी एक कारण बताया जा रहा है। यह कुआं मृतक बालक के घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर एक खेत में स्थित है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की मां का मानसिक संतुलन ठीक नहीं हैए और उसके पिता राजेश मजदूरी के लिए महाराष्ट्र गए हुए थे। घर में केवल बुजुर्ग दादी मौजूद थीं। दुर्गेश अपने परिवार का इकलौता बेटा था।

### जन अभियान परिषद और संस्था ने मिलकर किया प्याऊ का निर्माण

**नेपानगर।** ग्राम साईंखेड़ा खुर्द में जन अभियान परिषद और सामाजिक संस्था सकल मुठाबा भगत सामाजिक संस्था के सहयोग से गर्मी के मौसम को देखते हुए सड़क किनारे लोगों के आनेण्जाने के लिए एक प्याऊ का निर्माण कराया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम में प्याऊ बनाना है जिससे कि आने जाने वाले लोगों को ठंडे पानी का लाभ मिल सके। इसी प्रकार गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत संस्था और उड़ान सेवा कल्याण समिति के सहयोग से जंगल में पक्षियों के लिए पानी की कटोरे पेड़ों पर टांगे गए जिससे कि जंगल में पक्षियों को पानी एवं अनाज के लिए अनाज दान पत्र भी संस्था के द्वारा जगह पर लगाए गए इस कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक अमजद खान के मार्गदर्शन में सेक्टर के पांचो गांव में समाज कल्याण के कार्य लगातार किए जाएंगे और गंगाजल संवर्धन अभियान के अंतर्गत संस्था द्वारा जल के प्राचीन जल स्रोत जैसे तालाब बावड़ी नल, हेडपंप, बावड़ी, तालाब, नली का साफसफाई होगी।

# श्रीरामनवमी पर मंदिरों में पूजा-पाठ, महाआरती और भंडारे





**श्रीश्री 108 स्वामी नर्मदानन्द गिरिजी महाराज का स्वागत कर किया सम्मान**

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** त्रिलोकीनाथ भगवान श्री राम नवमी के पावन अवसर पर नागझिरी घाट इतवारा स्थित भगवान श्रीराम की पदार्पित भूमि श्रीराम झरोखा मंदिर धाम ट्रस्ट के महंत श्रीश्री 108 नर्मदानन्द गिरिजी महाराज का समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणीय संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा मंदिर सभागृह स्थल पर उपस्थित सदस्यों, ट्रस्टियों और आम लोगों की उपस्थिति में शाल श्रीफल और हार से गुरुदेव का सम्मान संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष एवं मन्दिर ट्रस्टी महेंद्र जैन, अध्यक्ष डॉ किरण सिंह, कार्यकारिणी सदस्य शोभा चौधरी एवं विनय सूर्यवंशी व अन्य ट्रस्टियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया।

108 श्री श्री स्वामी नर्मदानन्द गिरी जी महाराज श्री राम झरोखा मंदिर धाम ट्रस्ट पर सन 2005 से गुजरात राज्य से बुरहानपुर पधारे एतब से लेकर आज दिंनाक तक गुरुदेव ने स्वहीत को परे रख परहीत को साध कर लोगो की सेवा में रत रहे स बुरहानपुर जिले ही नही आस पास के जिलो के जनमानस के लिए यह बड़े सौभाग्य की बात है की बुरहानपुर की धरा पर भगवान श्री राम की पदार्पित भूमि का एसा भव्य मंदिर नागझिरी घाट पर स्थित है जहा पर गुरुदेव के मार्गदर्शन में व् ट्रस्टियो के सहयोग से मंदिर का संचालन होता है। श्री राम नवमी के अवसर पर श्री रामझरोखा मंदिर धाम ट्रस्ट पर अखंड रामायण पाठ,महाआरती ,पूजा पाठ एवं सम्मान समारोह के साथ साथ प्रसादी का आयोजन भी किया गया।

इस दौरान राम झरोखा धाम मंदिर ट्रस्ट पर स्वामीनारायण सम्प्रदाय के प्रमुख पी पी स्वामी,कबीर मंदिर प्रमुख गुरुदेव,हरिकृष्ण मुखिया के साथ साथ मंदिर ट्रस्टी माधव बिहारी अग्रवाल , महेश जोशी, निर्मल लाठ, भगवती प्रसाद लखोटिया, सचिव राजेंद्र खादीवाला, अजय रघुवंशी, रामधारी मित्तल, विष्णु मित्तल, मनमोहन सिंह बिंद्रा, मुकेश पाटीदार के साथ-साथ विपिन पुरोहित,विनय गुप्ता, किशोर महाजन, कमलेश शाह, श्याम बन्नातवाला, राकेश दलाल और बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। जानकारी ट्रस्ट के ट्रस्टी हरिओम अग्रवाल द्वारा दी गई।

### श्रीराम शोभायात्रा में डीजे की धुन पर थिरके युवा



श्री रामनवमी के अवसर पर उपनगर लालबाग में भव्य श्री राम शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा बढ़केश्वर महादेव मंदिर से सुबह 9 बजे शुरू हुई। हिंदू सेवा समिति द्वारा आयोजित इस 38वीं ऐतिहासिक शोभायात्रा में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। श्रद्धालु भगवा ध्वज लिए डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इसमें भगवान राम की आकर्षक झांकियां,भजन-कीर्तन और ढोल की थाप शामिल थी। व्यायाम शालाओं के सदस्यों द्वारा किया गया लेझिम प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। हिंदू सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष पवार और सचिव राजेश पांडे ने बताया कि श्री राम जन्मोत्सव पर आयोजित इस पालकी यात्रा में इस वर्ष भारी भीड़ उमड़ी। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा भक्ति और एकता का प्रतीक बन गई है।

**1989 में हुई थी परंपरा की शुरुआत:**-लालबाग में रामनवमी पर शोभायात्रा की यह परंपरा काफी पुरानी है, जिसकी शुरुआत 1989 में हुई थी। तब यह शोभायात्रा विठ्ठल मंदिर, लालबाग, बुरहानपुर से निकलती थी, जिसमें शहर और जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहते थे। श्रद्धालु जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए दो.दो की पंक्ति में चलते थे। बाद में यह विठ्ठल मंदिर,गुलाबगंज से निकलने लगी और बीते कुछ वर्षों से इसका प्रस्थान स्थल बढ़केश्वर महादेव मंदिर, कारोनेशन बाजार हो गया है। हिंदू सेवा समिति के अनुसार समापन चिंचाला स्थित राम मंदिर पर की गई।

## चेटीचंड महोत्सव : सिंधी समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** श्री झूलेलाल महोत्सव समिति बुरहानपुर आयोजन समिति के तत्वाधान में सूर्य पुत्री ताप्ती सरिता के पावन तट पर बसे ऐतिहासिक नगरी बुरहानपुर मे श्री भगवान झूलेलाल जी का जन्म दिवस उत्सव बड़े ही श्रद्धा विश्वास और उल्लास आनंद एवं आस्था से मनाया गया। इस पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ चक्कर भाटा के संत साईं लाल दास जी भी बुरहानपुर नगरी में पधार कर अपने अमृत वचनों आशीर्वाद दिया । साथ ही संत लाल दास जी बुरहानपुर जिले के सिंधी समाज के प्रतिभाशाली एवं मेधावी छात्र.छात्राओं को सम्मानित किया ।

इस अवसर पर सिंधी समाज के गौरव एवं सिंधु रत्न मुख्य अतिथि विधायक भगवान दास सबनानी भोपाल, विशेष अतिथि भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के महाराष्ट्र राज्य के प्रदेश अध्यक्ष नागपुर निवासी वीरेंद्र कुकरेजा तथा भारतीय सिंधु सभा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब ठाकुर एवं प्रख्यात समाजसेवी माधव दास भोजवानी , बुरहानपुर नगर पालिका निगम की महापौर माधुरी अतुल पटेल , भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने, पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे , भारतीय जनता पार्टी के युवा और ऊर्जावान नेता अमित मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पाटील इस गरिमामय में समारोह में सम्मिलित होकर समारोह को गोरांवित किया। संत श्री लाल दास जी के पावन प्रवचनों के उपरांत अनेक लजीज एवं स्वादिष्ट व्यंजनों से युक्त सिंधी फूड फेस्टिवल पूर्णत निशुल्क का भी आयोजन किया गया इस भव्य आयोजन में जिले के समस्त सिंधी परिवारों ने हिस्सा लिया।

## सामुदायिक प्याऊ का किया शुभारंभ



**नवभारत न्यूज, नेपानगर ।** नेपानगर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नेपानगर की नवांकुर संस्था श्रद्धा बुध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा नगर के डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौराहे स्थित सामाजिक भवन के पास सामुदायिक प्याऊ लगाया गया है।

संस्था सचिव रविन्द्र मसाने द्वारा बताया गया कि नगर के प्रमुख डॉ भीमराव अम्बेडकर चौराहे पर प्रतिदिन हजारों नागरिक आना जाना करते है। संस्था द्वारा गर्मी के दिनों में नागरिकों के लिए सामुदायिक प्याऊ लगा कर उन्हें ठंडा शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। संस्था पिछले 20 वर्षों से यहां शीतल पेयजल उपलब्ध करा कर मानव सेवा कर रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था श्रद्धा बुध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था के सदस्य मौजूद थे।

## 105 वें उर्स पर होंगे विशेष आयोजन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हजरत चुपशाहवली दरगाह में 26,27 एवं 28 मार्च को दरगाह हजरत चुपशाहवली का वार्षिक उर्स मनाया जा रहा है। जिसमे जिले भर एवं अन्य राज्यों से हजारो श्रद्धालु महिला,पुरुष ,बच्चे शामिल हो रहे है। 26 मार्च शुक्रवार को शाम 4 बजे दरगाह से संदल निकला , जो इकबाल चौक होते वापस दरगाह पहुचा । रात्रि 10 बजे महफ़िल ए मिलाद शरीफ दरगाह परिसर में पढ़ी गई।

उर्स में म.प्र.के साथ साथ महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं अन्य राज्यों से भी खलीफा हजरात व मुरिदेंन पीर भाई भी उपस्थित होते है ,जो अपनी मुरादे पूरी होने व अकीदत के साथ चादर पेश करते है ,दादा पीर ए सादउल्ला मियां ,अलहाज मसूद शाह मदनी मिया ,हाफ़िज मुस्तकीम शाह मदनी के आस्ताने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है। रमजान चांद शेख पुना,हाजी उस्मान शेख नागौरा, हाजी गुलाम रसुल पुना, मो. शरीफ पौकर, मो. शरीफ गौला, मो. ईसाक बाईवाला द्वारा इस अवसर पर चादर चढाकर देश /विदेश में अमन ,शांती की दुआए की। 28 मार्च को फजर नमाज बाद कुल शरीफ एवं फातेहा खानी पश्चात प्रात: 10 बजे से लंगर, आम भंडारा होगा।

दरगाह प्रबंधक सज्जादा नशीन ए हाजी मोहम्मद नजीर शाह मदनी करमशा बाबा ने सभी जायरीनो से अधिक से अधिक संख्या में शिरकत की गुजारिश की। इस अवसर पर पत्रकार ए.जी. कुरेशी एवं समाजसेवी राकेश पुर्वे ,शेख आवेज सावदा ने मोहम्मद नजीर शाह मदनी करमशा बाबा का पुष्पहार से स्वागत किया। इस दौरान मालवा अंचल से अनके मुरीद उपस्थित थे।

## आयुर्वेद कॉलेज में सृष्टि सेवा संकल्प ने किया पर्यावरण संवाद



**नवभारत न्यूज,** बुरहानपुर। सृष्टि सेवा संकल्प के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत स्थानीय आयुर्वेद चिकित्सा एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में विशेष पर्यावरण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रशांत जी गुप्ता एवं प्रदेश मंत्री आशीष जी ठाकुर उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षकों और छात्रों के साथ भविष्य की कार्ययोजना साझा करते हुए पर्यावरण संरक्षण और सेवा कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। प्राचाय, शिक्षकों और छात्र. छात्राओं ने उत्साहपूर्वक संगठन की सदस्यता भी ग्रहण की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.अरविंद पटेल, प्रो. दीपक शाह, डॉ.मयंक दुबे,डॉ.दीपक नायक सहित फैकल्टी स्टाफ को आधिकारिक पत्रिका सृष्टि संदेश भेंट की गई। कार्यक्रम में विपिन सुगंधी, आशीष शुक्ला,पंकज महाजन, पुष्कर महाजन एवं सत्तेश सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भगवान श्रीराम और स्वामीनारायण जन्मोत्सव पर निकाली प्रभातफेरी



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर में आज सुबह से ही भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। राम जन्मोत्सव और भगवान स्वामीनारायण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जिलेभर के मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। खास तौर पर सिलमपुरा स्थित प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में प्रभात फेरी निकालकर नगर भ्रमण किया गया।

मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ दोनों उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाए गए। श्री चिन्तनप्रियदासजी शास्त्री स्वामी,स्वामीनारायण मंदिर बुरहानपुर ने बताया कि सुबह की पहली किरण के साथ ही बुरहानपुर के मंदिरों में धार्मिक आयोजनों की शुरुआत हो गई। राम जन्मोत्सव और भगवान स्वामीनारायण के जन्मोत्सव के अवसर पर भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा.अर्चना की।

सिलमपुरा स्थित प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में विशेष आकर्षण का केंद्र प्रभात फेरी रहीए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्ति गीतों और जयकारों के साथ प्रभात फेरी ने नगर का भ्रमण कियाए जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया। मंदिर परिसर में भजन.कीर्तन का आयोजन किया गया। जहां भक्तों ने भगवान राम और स्वामीनारायण के जन्मोत्सव को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। इस दौरान मंदिरों में आकर्षक सजावट भी की गई, जिसने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। आयोजन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह और आस्था का अनोखा संगम देखने को मिला,आज भगवान स्वामीनारायण और भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रभात फेरी और भजन.कीर्तन का आयोजन किया गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल हुए हैं। ऐसे आयोजन समाज में धर्म और एकता का संदेश देते हैं। बुरहानपुर में इस तरह के धार्मिक आयोजनों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यहां की संस्कृति और आस्था आज भी जीवंत हैए जहां हर पर्व को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

**एक नजर** मेला न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक समृद्धि और ग्रामीण विकास का भी सशक्त माध्यम बना...

## मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले में गूंजा हास्य रंग, महाराष्ट्र हास्य दिंडी ने बांधा समां, उमड़ी भीड़

**बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग के लिए मेले में विशेष आकर्षण मौजूद**






**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आदिशक्ति माँ वाघेश्वरी में की पावन कृपा से ग्राम धामनगांव में आयोजित माँ वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला इन दिनों भक्ति, संस्कृति और जनसमागम का केंद्र बना हुआ है। मेले में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक , सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का वातावरण व्याप्त है।

इसी क्रम में आयोजित महाराष्ट्र हास्य दिंडी कार्यक्रम ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। इस विशेष प्रस्तुति में प्राध्यापक रूपेश ठाकुर एवं भारूडे रत्न शरद काकडे ने अपनी उत्कृष्ट हास्य कला, व्यंग्य और लोकशैली से उपस्थित ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके चुटीले संवादों और जीवंत प्रस्तुति पर दर्शक देर तक ठहाके लगाते रहे।

कार्यक्रम के दौरान कई रोचक प्रसंगों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। एक प्रस्तुति में ग्रामीण जीवन की सरलता और बदलती जीवनशैली पर व्यंग्य करते हुए कलाकारों ने ऐसा हास्य प्रस्तुत किया कि पूरा पंडाल तालियों और हंसी से गूंज उठा। वहीं एक अन्य प्रसंग में सामाजिक कुरीतियों और दिखावे पर कटाक्ष करते हुए संदेशपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसने लोगों को हंसने के साथ.साथ सोचने पर भी मजबूर किया।

इसके अलावा परिवार और समाज के रिश्तों पर आधारित संवादों को कलाकारों ने इतनी सहजता से प्रस्तुत किया कि हर दर्शक खुद को उससे जुड़ा हुआ महसूस करता नजर आया। कलाकारों की संवाद अदायगी, चेहरे के हाव.भाव और लोकभाषा के प्रयोग ने कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों सहित दूर.दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों और भक्तों की उपस्थिति रही। पूरे मेला परिसर में उत्साह, उमंग और हंसी का वातावरण देखने को मिला।

मेला परिसर में एक ओर माँ वाघेश्वरी मंदिर में दर्शन.पूजन के लिए भक्तों की निरंतर भीड़ उमड़ रही है,वहीं दूसरी ओर झूले, दुकानों,खान.पान स्टॉल एवं ग्रामीण उत्पादों की प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग के लिए मेले में विशेष आकर्षण मौजूद हैं। इस अवसर पर मेले की आयोजक एवं क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में मेला भव्यता के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है, जिससे क्षेत्र में सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है। माँ वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक समृद्धि और ग्रामीण विकास का भी सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। आने वाले दिनों में भी मेले में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जन कल्याणकारी गतिविधियां की जाएंगी, जिनका लाभ बड़ी संख्या में लोग ले रहे हैं।